तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर **अपील संख्या– 38/2019 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट** **(GCMS No. 2019/00160)** अनवानः 1. मंजू पुत्री स्व. श्री आशाराम उर्फ आसूराम ब्राह्मण निवासी 5341 अरबन स्टेट, फेज–2, पटियाला, पंजाब। 2. पूनम पुत्री स्व. श्री आशाराम उर्फ आसूराम ब्राह्मण निवासी मकान संख्या 2 उपकार नगर, फैक्ट्री एरिया पटियाला पंजाब। 3. जयश्री पुत्री स्व. श्री आशाराम उर्फ आसूराम ब्राह्मण निवासी मकान संख्या 2 उपकार नगर, फैक्ट्री एरिया पटियाला पंजाब। **बनाम** 1. सावित्री देवी तथाकथित पुत्री स्व. श्री आशाराम उर्फ आसूराम ब्राह्मण निवासी हाल उदयरामसर तहसील व जिला बीकानेर। 2. स्टेट जरिये तहसीलदार राजस्व, बीकानेर।	
11.04.2022	आज यह पत्रावली श्रीमती पूनम पुत्री स्व. श्री आशाराम ब्राह्मण निवासी पटियाला (पंजाब) जरिये अभिभाषक श्री हरीश मदान द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि पक्षकारान ने लोक अदालत की भावना से आपसी समझौता कर लिया है। इस राजीनामा के तहत अपीलांट अपील आगे नहीं चलाना चाहते हैं एवं अपीलांट अपनी अपील विड्रा करना चाहता है। हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील उपखण्ड अधिकारी बीकानेर के आदेश दिनांक 30.05.2019 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रा करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त बीकानेर	

E. Nirmay 2020